जीआईएस-23 में उत्तर प्रदेश का पहला ग्लोबल पार्टनर बना सिंगापुर

चर्चा में क्यों?

3 अगस्त, 2022 को उत्तर प्रदेश सरकार के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि जनवरी में होने वाले उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2023 (जीआईएस-23) में सिंगापुर उत्तर प्रदेश का पहला भागीदार देश बन गया है।

प्रमुख बिंदु

- भारत में सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वोंग ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ अपने देश के गठबंधन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जनवरी में होने वाले यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2023 के लिये सिंगापूर पहला भागीदार देश बन गया है।
- राज्य सरकार के आधिकारिक प्रवत्ता ने कहा कि सिंगापुर की कंपनियों ने 250 मिलियन अमेरिकी डालर से अधिक का निवेश किया है। इसमें से अधिकांश निवेश राज्य के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के ज़िलों में है। हाल ही में आयोजित ग्राउंडब्रेकिंग समारोह में, सिंगापुर की कंपनियों ने 1,100 करोड़ रुपए के निवेश का वादा किया।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को शिखर सम्मेलन के लिये एक विस्तृत प्रचार योजना तैयार करने का निर्देश दिया है ताकि यूके, यूएसए, कनाडा, यूएई, स्वीडन, सिंगापुर, नीदरलैंड, इजराइल, फ्राँस, जर्मनी, दक्षिण कोरिया, मॉरीशस, रूस और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में रोड-शो के माध्यम से एक वैश्विक चर्चा पैदा की जा सके।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/singapore-becomes-uttar-pradesh-s-first-global-partner-in-gis-23